Yuval Chen
Arid Land and Crop specialist

yuval@yuvalchen.com
skype: chenyuval
yuvalchen.com
IL: +972 5258 65390
IN: +919 0010 31884

श्री युवाल चैन, जैतून विशेषज्ञ, ईजरायल द्वारा विभिन्न कृषको के खेतो पर भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उनके द्वारा दिये गये तकनीकी निर्देश का विवरण निम्न प्रकार से है –

25 जून से 30 जून 2017

दिनांक 26.6.2017 स्थान नांवा शहर

1. ड्रिप संयत्र की स्थापना सही नहीं है। वर्तमान में 12 एम एम की एक लाईन स्थापित है जो कि राजस्थान ओलिव कल्टीवेशन द्वारा स्थापित तकनीकी मापदण्डो के अनुसार नहीं है। सामान्यतः 16 एमएम की 2 लेटरल लाईन होनी चाहिये जिसमें प्रत्येक 50 सेमी0 पर ड्रिपर होना चाहिये। यह भी सावधानी रखे कि ड्रिपर कम से कम मात्रा का हो जैसे 2 लीटर प्रति धण्टा। पानी मे बहुत अधिक महीन मिटटी होने पर ही इससे अधिक मात्रा का ड्रिपर होना चाहियें।
2. किसान के द्वारा इनके पूर्व भ्रमण के पश्चात दो ड्रिपर अतिरिक्त लगाये गये है। जिसका प्रभाव पौधो पर दिखायी दे रहा है। पौधे अभी वृद्धि अवस्था में है। अभी भी एक लेटरल और लगाये जाने की आवश्यकता है।
3. पूर्व में पौधो की कंटिग गलत तरीके के कारण की गयी जिसके कारण तेज धूप में तने को नुकसान हुआ है तथा कुछ पौधे इसके कारण मृत भी हुये है।
4. अभी किसान को केवल मात्र पिंचिग की सलाह दी गयी तथा अनुरोध किया गया कि अधिक से अधिक वृद्धि को प्राप्त करें।
5. सिंचाई के पानी की विधुत चालकता बहुत अधिक लगभग 8 के समीप है ऐसे में अधिक मात्रा मे कार्बनिक प्रदार्थ अथवा 4 डी एक्वा सिस्टम लगवाये जाने की सलाह दी गयी।
6. यह भी सुझाया गया कि चूकि जमीन नमक के झील के मुहाने पर है तथा पानी अधिक खारा है जो कि समय के साथ अधिक खारा होता जायेगा ऐसे में पानी की गुणवत्ता सुधारी जानी आवश्यक है।
7. किसान के खेत में कुछ पौधो में फल पाया गया।

yuval@yuvalchen.com
skype: chenyuval
yuvalchen.com
IL: +972 5258 65390
IN: +919 0010 31884

Cv Coratina, trunk too high in relation to tree height

स्थान – मोमासर बीकानेर

1. फार्म बहुत ही बढिया स्तर से संधारित किया गया है। प्रथम दृष्टि में राजस्थान के सभी किसानो की अपेक्षा फार्म सही प्रकार से आधुनिक पद्वति से संधारित है।
2. पौधो की पूर्निंग में सुधार की आवश्यकता है कुछ पौधे विशेषकर बरनियो की वृद्वि की पूर्निंग आवश्यक है।
3. मेरे विचार से बरनिया एवं कोरटिना के ब्लाक को एक साथ सिंचाई की जानी चाहियें तथा शेष दो किस्मो को एक साथ पानी देवे। यथा संभव बरनिया के ब्लाक में पानी की आवश्यकता अन्य ब्लाक से अधिक होगी।
4. पौधे पानी की कमी से ग्रसित दिखायी दे रहे है।
5. आगामी वर्ष 2018 में यह उद्यान व्यवसायिक रूप से फल देने को तैयार है।
6. किसान के द्वारा अचानक पानी कम किये जाने के लिये बताया जो कि सही प्रकिया नहीं है जैतून के उद्यानो मे पानी की कमी अथवा बढोत्तरी अचानक नहीं करें।
7. जुलाई में एक स्प्रे बोडोमिक्चर का करे ताकि बारिश मे किसी प्रकार की फफूद का विकास नहीं हो यह ध्यान रखे कि स्प्रे के 8 धंटे तक बारिश नहीं हों।

Yuval Chen
Arid Land and Crop specialist
yuval@yuvalchen.com
skype: chenyuval
yuvalchen.com
IL: +972 5258 65390
IN: +919 0010 31884

8. पौधो की पूर्निंग करें तथा पौधो का किस्मवार समान आकार रखें।
9.

Cv Barnea, water stress starting to noticed

स्थान – पूगल

1. खेत का पानी बहुत अधिक खारा है पानी की ईसी लगभग 8 होने के कारण पौधो की बढवार काफी कम है।
2. खेत में रेतीली भूमि होने के कारण 4 लीटर प्रति धंटा के ड्रिपर लगाये हुये है। इसकी एक लाईन और बिछायी जानी चाहियें।
3. खेत मे पानी की कमी है नहर का पानी बहुत कम है तथा भूमि के पानी की ईसी बहुत ज्यादा है।
4. खेत मे कार्बनिक पर्दाथ की मात्रा बढायें।
5. खेत में यदि 4 डी एक्वा स्थापित करे तो वांछित परिणाम प्राप्त हो सकते है।

yuval@yuvalchen.com
skype: chenyuval
yuvalchen.com
IL: +972 5258 65390
IN: +919 0010 31884

General view Pogel farm

स्थान – खाजूवाला फार्म

1. पौधे लगभग 3 वर्ष पुराने है लेकिन ड्रिप सिंचाई संयत्र त्रुटिपूर्ण होने के कारण पौधा का अपेक्षित विकास नहीं हुआ है।
2. ड्रिप सिंचाई के लिये उपरोक्तानुसार संयत्र करने का प्रस्ताव है।
3. पौधो की पूर्निग सही नहीं है ऐसे मे सही पूर्निग करने का प्रशिक्षण दिया गया।
4. पौधो में सही प्रकार से उर्वरक प्रबंध करने की सलाह दी जाती है।

Yuval Chen
Arid Land and Crop specialist

yuval@yuvalchen.com
skype: chenyuval
yuvalchen.com
IL: +972 5258 65390
IN: +919 0010 31884

Cv Coratina balanced training

स्थान – समेजा कोटी श्रीगगांनगर

1. पौधो की सिंचाई व्यवस्था उचित नहीं है।
2. पौधो को गर्मी में पानी नहीं मिलने के कारण फल झडे है।
3. प्रत्येक 50 सेमी पर 2 लीटर के ड्रिपर करने पर वर्ष 2018 मे यह बाग व्यवसायिक रूप से उत्पादन देगा।
4. पौधो मे अभी तक उर्वरक नहीं दिये गये है। उर्वरक प्रबंधन की सलाह दी जाती है। आगामी वर्ष के उत्पादन के लिये कृन्तन क्रियाये सुझाये अनुसार करवायी जाना उचित होगा।

Cv Arbequina, after training, good shape and size

Yuval Chen
Arid Land and Crop specialist
yuval@yuvalchen.com
skype: chenyuval
yuvalchen.com
IL: +972 5258 65390
IN: +919 0010 31884

स्थान – मदेरा श्रीगगांनगर

1. यह उद्यान लगभग 4 वर्ष पुराना है। केवल मात्र एक ही ड्रिप लाईन पर होने के कारण फल झडे है।
2. प्रूर्निगं सही तरीके से करने का सुझाव है। पौधो में उर्वरक देवें।
3. आगामी वर्ष में व्यवसायिक उत्पादन प्रारम्भ होगा।
4. पौधो की बढवार उचित है जो कि सही प्रकार से रखने की जरूरत है।

Cv Barnea, irrigated by 2 dripper, trunks are too high

स्थान – पीलीबंगा

1. पौधे की कंटिग सही नही होने के कारण इनकी आकृति सही नहीं है। ड्रिपर सही प्रकार से व्यवस्थित करें।
2. उर्वरक का प्रबंधन करें

yuval@yuvalchen.com
skype: chenyuval
yuvalchen.com
IL: +972 5258 65390
IN: +919 0010 31884

3. पूर्निग बताये गये तरीके से करने पर आगामी सत्र में अरबिक्यूना में फल आ सकेगें।
4. गोबर की खाद देवें

Soil with high Sodium level Plants are not Trained.

स्थान – नापासर बीकानेर

1. लगभग 30 हेक्टेयर का 4 साल पुराना बाग है जो कि गलत पूर्निग के कारण बुरी तरह से बिगडा हुआ है।
2. विगत भ्रमण पर बताये गये तरीके से उपचारित पौधो का विकास बहुत अच्छा हुआ है।
3. सही पूर्निग करें।
4. उर्वरको का उपयोग करें।
5. पानी अधिक खारा होने के कारण 4 डी एक्वा संयत्र स्थापित करने की सलाह दी जाती है।
6.

Yuval Chen
Arid Land and Crop specialist
yuval@yuvalchen.com
skype: chenyuval
yuvalchen.com
IL: +972 5258 65390
IN: +919 0010 31884

Cv Barnea, training process

सामान्य सुझाव सभी किसानो के लिये –

ड्रिप संयत्र का करेक्शन करें।
पूर्निग पर ध्यान देवें
आगामी भ्रमण से पूर्व खेत के बारे में आवश्यक जानकारी जैसे खेता का प्लाटेशंन का नक्शा, प्रति वाल्व पौधो की संख्या, पानी निकास, ईसी एवं पीएच, किये गये कार्यो की संक्षिप्त रिर्पोट पास रखे ताकि भ्रमण को नियमित एंव समीक्षित किया जा सकें।

युवाल चैन
विशेषज्ञ

Yuval Chen
Arid Land and Crop specialist

yuval@yuvalchen.com
skype: chenyuval
yuvalchen.com
IL: +972 5258 65390
IN: +919 0010 31884